एक नजर

भारतीय लोकतंत्र और मीडिया विषय पर 'संवाद'

इंदौर। 'भारतीय लोकतंत्र का नौजूद परिदृश्य और मीडिया' विषय पर स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश का आयोजन 'संवाद' मंगलवार 16 अक्टूबर को शाम 04 बजे होलकर ज्ञान मंडपम, अन्नप्रशाल परिसर, इंदौर में होगा। वरिष्ठ पत्रकार उर्मिलेष, नई दिल्ली कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहेंगे। अध्यक्षता करेंगे दिव्यभास्कर जबलपुर सिंह चावला। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक कमल कस्तूरी ने दी।

दहेज नहीं लाने पर दो बहुओं को प्रताड़ना

इंदौर। दहेज लोभी परिवार ने दहेज नहीं लाने पर बहू के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। तेजाजी नगर पुलिस ने बताया कि पत्रकार कुंडला निवासी राजिया पटेल की शिकायत पर अजब नूर, नजमा, मंसूर, रंगाक और सरजीना तथा फैमिन के खिलाफ केस दर्ज किया। । इसी तरह एरोड्रम थाना अंतर्गत गणीम नगर में रहने वाली सपना ने पुलिस को बताया कि उसे दहेज में 5 लाख रुपए लाने के लिए पति राहुल साहू, ससुर नागेश, सास ललिता ने शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

तरुण महाराज चैयरमेन नियुक्त

इंदौर। तिरवेला हिन्दुस्तान के राष्ट्रीय प्रमुख पवन कुमार गुप्ता के आदेश अनुसार एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री लखन सिंह पंवार एवं राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी उपदेश राणा की अनुकंपा पर तरुण खान महाराज को तिरवेला हिन्दुस्तान के अन्तर्गत राज्य मध्यप्रदेश की मुख्य शाखा से प्रदेश चैयरमेन पद पर नियुक्त किया गया।

फैक्ट्री के कर्मचारी ने उड़ाए डेढ़ लाख रुपए

इंदौर। सावेर रोड स्थित प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करने वाला कर्मचारी मालिक के डेढ़ लाख रुपए लेकर भाग गया। बाणगंगा पुलिस ने बताया कि विजय राठौर की सावेर रोड एक सेक्टर में प्रिया इंडस्ट्रीज के नाम से प्लास्टिक फैक्ट्री है, जहां कर्मचारी गुलबकिशोर निवासी ब्रह्मान कॉलोनी निवासी बिना बताए कंपनी की एक्टिवा स्कावर 1 लाख 52800 रुपए, मोबाइल लेकर फरार हो गया।

मोबाइल के पैसे नहीं देने पर विवाद

इंदौर। छत्रजी थाना अंतर्गत जेल रोड स्थित मलवीर कलेक्शन की दुकान में मोबाइल के पैसे मांगने को लेकर विवाद हो गया, जिसके चलते आरोपी आमिर पिता जमील खान, हर्षल पिता राजेश लोनी और अस्तू पिता मुरारी पटेल ने मिलकर विजय राठौर निवासी शाजापुर के साथ जमकर मारपीट की। इसी तरह राजकुमार बांके ने पुराने विवाद के चलते आरोपी वासिद, जाविद, साजिद और राजा ने मिलकर मोहम्मद इकबाल के साथ जमकर मारपीट की जिसके उसके सिर में चोट आई। वहीं बिजलपुर स्थित पानी की टंकी के पास विवाद में आरोपी जगदीश तेरावर ने मिलकर केकर पत्थरों के साथ मारपीट की।

युवक से मारपीट, घर पर पथराव

इंदौर। जजजीवनराम नगर में विवाद के चलते आरोपियों ने एक युवक के साथ मारपीट की और उसके घर पर पत्थर फेंके। पुलिस ने अनुज पिता महेश मिश्रा की शिकायत पर रघु, गणपत, लालू, अनिकेत, निजाम, बिट्टू समी निवासी सोमनाथ की नई चाल के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया। कुरुक्षर्णी का नगर में पुरानी रंजिश के चलते आरोपी अमित नौहर, पंकज, करण सौदे ने मिलकर वर्षी के रहने वाले ब्रजेश पिता देवेंद्र सिंदे के साथ मारपीट की।

करंट से युवक की मौत में केस दर्ज

इंदौर। एरोड्रम रोड स्थित वाहिया पेट्रोल पम्प के समीप बिजली के खम्भा पर लोहिया लगाते दौरान एक युवक की मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम सोनू (23) था जो बिजली के खम्भे पर लोहिंग बांधते समय करंट की चपेट में आ गया था। जांच के बाद पुलिस ने थाना मोहल्ला निवासी ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया।

कन्याओ के पाद पूजन के साथ बेटी सुरक्षा व संरक्षण का संकल्प लिया

महामंडलेश्वर माँ कमलेश्वरी देवी ने फोलस्टर का विमोचन किया

इन्दौर। कर्मवीर एक पहल सामाजिक संस्था द्वारा प्रतिवर्षानुसार नवरात्रि पर्व पर बेटी सुरक्षा एवं संरक्षा का अभियान चलाया जाता है महामंडलेश्वर माँ कमलेश्वरी देवी ने बेटी सुरक्षा एवं संरक्षा अभियान के फोलस्टर का विमोचन कर अभियान के लिए आशीर्वचन दिया कर्मवीर एक पहल सामाजिक संस्था के अध्यक्ष गोविंद राठौर ने बताया कि बेटी सुरक्षा एवं संरक्षा अभियान हर नवरात्रि से गरबा पान्डालो पर चलाकर आयजन से संकल्प पत्र भरवाए जाते है संस्था का यह तीसरा वर्ष है, और महामंडलेश्वर माँ कमलेश्वरी देवी, वैष्णव विजयवर्गीय, स्वेत मेन्देला, धर्मेन्द्र चौधरी, संजय मालवीय, राजेश यादव, मयूर पंवार की उपस्थिति मे बेटी सुरक्षा एवं संरक्षा के फोलस्टर का विमोचन किया महामंडलेश्वर कमलेश्वरी देवी ने नन्ही बालिकाओ के पाद पूजन के साथ संस्था को आशीर्वचन मे कहा कि देवी स्वरूप मातृशक्ति की सुरक्षा और संरक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक प्रतिबद्ध रहे।

मूक-बधिर से दुष्कर्म

पुणे से आई महिला ने डीआईजी से की शिकायत, लगाया आरोप

सहायता केंद्र पर वीडियो कॉल कर बताई अपनी पीड़ा

इंदौर। पुणे के मिलिट्री अस्पताल में काम करने वाली एक मूक-बधिर महिला ने अस्पताल में कार्यरत कुछ सैनिकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला ने इंटरनेट के माध्यम से इंदौर स्थित मूक-बधिर सहायत केन्द्र का नंबर निकाला और यहां संपर्क कर वीडियो कॉल के माध्यम से अपनी पीड़ा बताई। इंदौर से मिली सहायता के बाद आरोपियों के खिलाफ मिलिट्री द्वारा जांच की जा रही है। वहीं सोमवार को महिला ने डीआईजी को मामले में शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया।

जानकारी के अनुसार मप्र पुलिस मूक-बधिर सहायता केन्द्र पर जुलाई 2018 में पुणे के मिलीट्री अस्पताल में काम करने वाली मूक-बधिर महिला ने संपर्क किया था। सहायता केन्द्र की शानेन्द्र पुरोहित ने बताया कि पीड़िता से वीडियो कॉल कर साइन लैंग्वेज द्वारा महिला से बात की तो पीड़िता ने बताया कि उसके साथ कुछ सैनिकों द्वारा पिछले कई सालों से दुष्कर्म किया जा रहा है। महिला की पीड़ा सुनने के बाद मोनिका पुरोहित और शानेन्द्र पुरोहित ने खुद पुणे जाकर महिला से चर्चा की।

महिला ने उन्हें बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह बोल व सुन नहीं सकती इसका फायदा उठाकर अस्पताल में कार्यरत एक सैनिक ने दो साल पहले अस्पताल में ही उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसी अस्पताल में कार्यरत एक और सैनिक ने ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म किया। श्री पुरोहित के मुताबिक पीड़िता की सुनवाई नहीं होने पर रक्षा मंत्रालय को भी जांच का आवेदन दिया गया है।

साथ ही महिला की बात सुनकर इंदौर के मूक-बधिर सहायता केन्द्र की टीम ने मिलिट्री अस्पताल के कमांडेंट को शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत पर मिलिट्री द्वारा कार्रवाई की जा रही है। वहीं सोमवार को महिला ने इंदौर डीआईजी को भी एक आवेदन दिया। महिला द्वारा दिए गए आवेदन में सैनिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला मिलिट्री से जुड़ा है इसलिए प्रकरण दर्ज करने से पहले मिलिट्री अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया जाएगा इसके बाद ही कायमी की जाएगी।

एमवाय अस्पताल में युवक की मौत, परिजनों ने मचाया हंगामा

डॉक्टरों पर लगाए लापरवाही के आरोप

इंदौर। एमवाय अस्पताल में में सोमवार को एक युवक की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों ने डॉक्टरों को युवकी की मौत का जिम्मेदार बताते हुए लापरवाही का अरोप लगाया है। दूसरी ओर डॉक्टरों का कहना है कि युवक की हालत पहले से ही खराब थी, ऑपरेशन के दौरान कार्डियक अरेस्ट से उसकी मौत हो गई।

सोमवार को एमवाय अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान 20 साल के दीपक पिता गोविंदराम वर्मा (20) की मौत हो गई। भागीरथपुरा में रहने वाले दीपक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया और युवक की मौत का जिम्मेदार डॉक्टरों को बताते हुए लापरवाही का आरोप लगाया।

युवक के परिजनों का कहना है कि पेट में दर्द की शिकायत के बाद रविवार रात को दीपक को एमवाय अस्पताल में भर्ती किया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद सोमवार सुबह ऑपरेशन करने की बात कही। परिजनों के अनुसार सोमवार सुबह 10 बजे उसे ऑपरेशन के लिए ले जाया गया, तब तक दीपक की हालत ठीक थी। लेकिन कुछ देर बाद डॉक्टर ने आकर बताया कि दीपक की मौत हो गई है। वहीं एमवाय अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि युवक को पुरानी बीमारी थी। उसकी आंते उलझी हुई थी। ऑपरेशन के दौरान कार्डियक अरेस्ट से उसकी मौत हो गई। मामले में युवक के परिजनों द्वारा पुलिस में शिकायत करने की बात कही गई है।

एटीएम काटकर बूथ से बाहर ले आए थे बदमाश

रिजनल पार्क में घेराबंदी कर चोरों को पकड़ा

इंदौर। नेमावर रोड पर एटीएम बूथ में घुस कर दो बदमाश मशीन को काट कर बाहर ले आए थे जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया। कोटक महिंद्रा बैंक पालदा ब्रांच नेमावर रोड पर अज्ञात बदमाशों द्वारा बैंक का एटीएम मशीन के तार काटकर एटीएम मशीन को बाहर खीचकर ले जानें का प्रवास किया। लेकिन मशीन अधिक वजनी होने से नही ले जा सके। सीसीटीवीकी कैमरे मे चैक करनें पर रात 01.30 बजे, चार अज्ञात नकाबपोश बदमाश एटीएम मशीन पर लगें कैमरे के वायर काटते हुए दिखे। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपराध को कारित करनें वाले तीन व्यक्ति रिजनल पार्क के पास बैठे है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करतें हुए मौके पर से गिरीराज पिता श्रीलाल डांगी गजानंद पिता कालू राणे अन्नु पिता अर्जुन प्रसाद को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त एक जायलों कार, एक कटर, एक सब्बल जप्त किया गया है।

हम तो हैं इंदौरी को एक ही घंटे में मिले हजारों व्यूज

इंदौर। राभो फिल्म्स का गाना ह्यहम तो हैं इंदौरी कल यूट्यूब पर रिलीज किया गया। शाम को गाने से जुड़े सभी कलाकारों ने सी-21 मॉल में एक फ्लैश मॉब भी किया। ये इंदौर के पहला डांसिंग एंथम है, जिसे तथागत बैरागी ने लिखा है। गाने को बेहद पसंद किया। इंदौरी गाने को इसी तरह का अंदाज देने के लिए राभो फिल्म्स के राहुल भोसले ने इंदौरी भाषा, यहां का मशहूर और पसंदीदा खाना और साथ ही यहां से निकले फिल्मी कलाकारों के बारे में बताया है। पूरा गाना इंदौर के ही रीजनल पार्क में शूट किया गया है। गाने को आवाज दी है तथागत और सूरज ने। गाने में कोरियोग्राफी अभय नेगी, सिमेमेटोग्राफी पार्थ जैन और अदाकारी कैशिक राय ने की है।

नाबालिग लापता

इंदौर। धीरज नगर खजराना में रहने वाली ममता ने पुलिस को बताया कि उसकी नाबालिग लड़की घर से लापता हो गई। संभवतः उसे कोई अगवा कर ले गया है।

मामला 18 माह की मासूम की मौत का

तीन माह पहले ही पत्नी और बच्ची को मायके से लाया था पति

बेटी की मौत के बाद नहीं थम रहे मां के आंसू

इंदौर। बाणगंगा थानांर्गत नरवल में डेढ़ साल की मासूम बच्ची की हत्या के बाद उसकी मां के आंसू नहीं थम रहे हैं। बताया जाता है वह तीन माह पहले ही बच्ची और पत्नी को मायके से लेकर आया था।

पुलिस के अनुसार काजल (18 माह) की उसके पिता आनंद गोयल ने हत्या कर दी थी। रविवार को बच्ची की मां करिश्मा ने पुलिस को हत्या की सूचना दी थी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किर लिया है और उसे गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने बताया कि पति रात को 9 बजे शराब पीकर आए। मेरी बेटी सोई थी तो उसे उठा दिया। मैंने उसे उठाकर दूसरी जगह सुला दिया। मैंने फिर पति को खाना दिया। वह खाना खाकर सो गया। थोड़ी देर बाद उठा और गरबा देखने चला गया। गरबा देखकर आया और फिर सो गया। देर रात को मैंने महसूस किया कि बच्ची के पैर मुझे लग रहे हैं। उठकर देखा तो पति मेरी बच्ची का गला दबा रहे थे।

मैंने उसे छुड़ाने की कोशिश की तो मेरा भी गला दबाने लगे और बोला कि किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। वह बोल रहा था कि मुझे लडकी नहीं लडका चाहिए। वह पहले भी उसे मारने की कोशिश करता था। उसे अब मौत की सजा मिलनी चाहिए। इधर दूसरी ओर आरोपित के परिजन का कहना है कि वह बेकसूर है। उसने कुछ नहीं किया है। बच्ची को बुखार था, उसे अस्पताल भी ले गए थे। बहू उन्हें फंसा रही है। आरोपित भी पुलिस पूछताछ में हत्या की बात से इनकार कर रहा है। उधर, मामले में थाना प्रभारी बाणगंगा श्री पटेल का कहना है कि बच्ची की पीएम रिपोर्ट में ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल आरोपी को जेल पहुंचा दिया गया है। वहीं मामले को पुलिस फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाने की तैयारी कर रही है।

पड़ोसी ने महिला पर किया चाकू से हमला

इंदौर। एक महिला घर में सो रही थी तभी पड़ोसी चाकू लेकर वहां आ धमका और कारण पूछने पर चाकू से हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। घटना बडगोदा थाना अंतर्गत बुधवारिया की है। वहां रहने वाला संतोष पिता अजय सिंह कल रात पड़ोस में रहने वाली महिला के घर रात 11 बजे जा पहुंचा। महिला की नींद खुली और उसने इतनी रात को उसके घर आने का कारण पूछा तो आरोपी ने उस पर चाकू से हमला किया। जब महिला ने शोर मचाया तो आरोपी धमकी देकर भाग निकला। इसी तरह शराब के पैसे नहीं दिए तो आरोपी ने चाकू मारकर घायल कर दिया। घटनेपीपुरा पुलिस ने बताया कि शनिवार उत्कर्ष चौराहा पर आरोपी अजय पिता बाबू और भूषण ने यहां लाल गली में रहने वाले जितेंद्र पिता त्रिलोकसिंह को रोका और उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग की, जब उसने मना किया तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

मतली और उल्टी से कैंसर रोगियों को मिलेगी निजात

इंदौर। ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड दवा कंपनी ने विशेष लाइसेंसिंग समझौते के तहत भारतीय बाजार में सीआईएनवी (सीमोनेरेवी) से लेने वाली मतली और उल्टी की रोकथाम के लिए फिक्स्ड डोज कॉम्बीनेशन ड्रग लॉन्च करने की घोषणा की। इंडिया फॉर्मूलेशन, सार्क पूर्व और ग्लेनमार्क अफ्रीका के अध्यक्ष सुजेत वासुदेवन ने कहा, ओन्कोलॉजी ग्लेनमार्क के लिए फोकस का एक प्रमुख क्षेत्र है और हम भारतीय मरीजों के लिए नए उपचार विकल्पों को लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कीमोथेरेपी से होने वाली मतली और उल्टी का कैंसर रोगियों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है जो रोगी की उपचार लेने की सहजशीलता को प्रभावित कर सकता है। सेलसिन ग्रुप के वाइस चेयरमैन और सीईओ रिकार्डो ब्रैनिया ने टिप्पणी केमोथेरेपी से होने वाली मतली और उल्टी से पीड़ित मरीजों के लिए एक नया प्रोफाइलैक्टिक विकल्प प्रदान करता है।

लक्झरी कार से अवैध शराब बरामद

इंदौर। राजेंद्र नगर पुलिस ने लक्जरी कार में शराब ले जाने की सूचना मिलने पर दो तस्करों को हजारों की अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसएसपी मनीष खत्री ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सुंदर जाटव अपने साथियों के साथ सफेद कार में अवैध शराब लेकर आ रहा है, इस पर राजेंद्र नगर पुलिस की टीम ने घेराबंदी करते हुए मंगल पंवार और संदीप मालीवाल को गिरफ्तार किया। मौका पाकर आरोपी सुंदर फरार हो गया। आरोपी के कब्जे से फोर्ड आइकन कार कीमत 4 लाख रुपए और उसमें भरी 25 पेटी शराब कीमत 60 हजार रुपए बरामद की।

राम जन्मभूमि विवाद पर व्याख्यानमाला

इंदौर । राष्ट्रवादी विचारों पर आधारित संस्था मित्र मेला द्वारा राम जन्मभूमि विवाद पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। आयोजित व्याख्यानमाला में मित्र मेला के बारे में तथा आज के विषय को लेकर प्रस्तावना राष्ट्रिय छात्र परिषद इंदौर महानगर के सचिव अक्षय जी राजपूत ने रखी । राम जन्मभूमि तथा मंदिर के विधिक बिंदु पर अधिवक्ता एवं विधि व्याख्याता पंकज वाधवानी ने अपने विचार यक्त करते हुए 1527 से लेकर 2018 तक के एतिहासिक एवं कानूनी बिंदुओं का उल्लेख किया तथा 1949 से न्यायालय में जो राम जन्मभूमी का वाद चल रहा है उसके बारे में विस्तार से बताया । राम मंदिर के सामाजिक महत्व तथा राजनीतिक प्रभाव के विषय पर राष्ट्रिय छात्र परिषद के संभाग अध्यक्ष डॉ जिम्मी कुशवाह ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि राम इस देश के राष्ट्र पुरुष हे । हमारा राष्ट्र युगों से भगवान राम के पद चिन्हों पर चल रहा है। लेकिन हमारे राष्ट्र का दुर्भाग्य है कि उनको मानने वाले सो करोड़ मिलकर भी उनके मंदिर का निर्माण नही करवा पा रहे ।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दुगाबाई पिता पुण्डलिक से बदलकर शादी पश्चात साजिया खान पति कय्यूम खान कर लिया है, अतः मुझे भविष्य में साजिया खान पति कय्यूम खान के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

साजिया खान पति कय्यूम खान
म.नं. 17, भवानी माता
वार्ड क्र. 25

नाम परिवर्तन सूचना

यह कि, पूर्व में मेरा नाम पिन्केश कंवर शेखावत था, जो कि अब मुझे पिंकेश्वरी राठौर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पिंकेश्वरी राठौर
W/O अभिषेक राठौर,
202 वाईट प्लाज़, 2, जानकी नगर एक्सटेंशन, नीमर राम मंदिर, इन्दौर (एमपी) -452001

जहर हमेशा खतरनाक, उसे किसी से प्यार नहीं

राष्ट्रीय कलमकार मंच के कवि सम्मेलन में कवियों ने रचनाओं से समां बांधा

इन्दौर। राष्ट्रीय कलमकार मंच ने गीतों के राजकुमार पद्मश्री स्व. गोपालदास नीरज की याद में दुआ सभागृह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया। एक शाम महाकवि नीरज के नाम से आयोजित इस कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया।

खंडवा के दिव्यांग कवि अकबर ताज ने सुनाया मुझे तू राम के जैसा या लक्ष्मण बना दे... सिया के मन में जैसा मेरा दर्पण बना दें, मुझे अंधा बनाया है तो गर नहीं है इसका, मेरी संतान को भगवान मगर श्रवण बना देना। कानपुर से पधारे गीतकार डॉ. राधेश्याम मिश्रा ने कहा कि जिनका लक्ष्य बड़ा होता है आगे वही खड़ा होता है। होती जय-जयकार उसी की जो रणभूमि में लड़ा होता है। इन्दौर के कवि सत्येन वर्मा ने सुनाया जहर हमेशा खतरनाक, उसे किसी से प्यार नही, उसका काम मौत देना, समझौता स्वीकार नहीं, खाने में यदि मिला हुआ हो तो निदान हो सकता है, घुला हुआ हो कानों में तो फिर कोई उपचार नहीं। दिल्ली की कवियत्री

डॉ. ममताश्री सिंह ने कन्या भ्रूण हत्या विषय पर सुनाया इन्दिराजी और झांसी की रानी सब सबला है, हम गर्व से कह सकते हैं शान से, हम नदियों से बहता पानी है, फिर जन्म से पहले क्यों लेते हैं जान हमारी...। इन्दौर के कवि एवं एडव्होकेट कमल गुप्ता विश्वबन्धु ने सुनाया ह्यवो छिपकर वार करते हैं, वो छिपाकर हथियार रखते हैं, अजब मजहबी है वे सिरफरे, दहशतगर्दी है वो जेहादी तैयार करते हैं...। नागदा की कवियत्री संध्या विश्व ने सुनाया ह्यअजीब विंडबना है गांव में पाली जाती है गाय और कुत्ते अवारा घुमते हैं... शहरों में कुत्ते पाले जाते हैं और गाय अवारा घुमती है...। बाल कवियत्री सुश्री अंत्रिका यादव ने सुनाया ह्यबेटियां गर्भ में दम तोड़ देती है तो बहुएं सताई जाती है... ये विडंबना है देश की दामिनी हर चौराहे पर जलाई जाती है...।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मविभूषण से सम्मानित स्वामी गोकुलोत्सव महाराज थे। अध्यक्षता राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त योगेन्द्र महंत ने की। विशेष अतिथि एडव्होकेट अजय उकास एवं शनि उपासक महामण्डलेश्वर दादू महाराज थे। अतिथि स्वागत अनिल सोमानी, कमल गुप्ता, मोहनलाल सोनी माया राठौर, सत्यनारायण यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन सत्येन वर्मा ने किया और आभार माना किशनलाल सोमानी ने।

GORANI INDUSTRIES LIMITED
Regd.Office: Plot No.32-33, Sector-F, Sanwer Road, Industrial Area, Indore - 452 015 (M.P.) India
Admin. Office: 1st Floor, B 15, Pologround Indore- 452015 (M.P.)
Phone: 0731-2723201-3
Fax No.: 0731-2723200
Email: gorani.industries@yahoo.com
Website: www.goranindustries.com
CIN : L28121MP1995PLC009170

NOTICE

NOTICE is hereby given in pursuance to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of the Board of Directors of the Company Gorani Industries Limited will be held on Wednesday, 14th November, 2018, to consider, inter alia, the Unaudited Quarterly Financial Results of the Company for the quarter ended on 30th September, 2018. A copy of the said notice and unaudited Quarterly financial results shall also be available on Company's website at www.goranindustries.com and also on Stock exchange's website at www.bseindia.com.

For Gorani Industries Limited
Anil Gorani
Place: Indore (Holding DIN: 00055540)
Date: 13.10.2018 (Whole-Time Director)